# एक हजार युवाओं को मिला रोजगार

जासं • लखनऊ : राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज में आयोजित कैंपस ड्राइव में 1,300 युवा ही शामिल हो सके। एक हजार पदों पर चयन होना था। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर एमए खां ने बताया कि टाटा मोटर्स लिमिटेड कंपनी द्वारा सीधे अप्रेंटिसशिप एवं अस्थाई कामगार के पद के लिए चयन किया गया। सुबह नौ बजे से ही युवाओं ने पंजीकरण कराना शुरू कर दिया था। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि तीन सौ से अधिक अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप कराई जाएगी और बाकी को नौकरियां दी जाएंगी।

आचार संहिता खत्म होने के बाद राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज द्वारा प्लेसमेंट शिविर लगाने का यह पहला मौका था। इसलिए बेहतर तरीके से कैंपस ड्राइव का प्रचार-प्रसार नहीं हो सका। सामान्य दिनों में यह संख्या पांच से आठ हजार तक पहुंच जाती है। फोरमैन निर्मल सिंह ने बताया कि यूपी के कई जिलों से अभ्यर्थी आए हैं। इनमें बाराबंकी से आए राहुल कुमार ने बताया कि नौकरी की तलाश में यहां आए हैं। परिवार की जिम्मेदारियां हैं। इसलिए नौकरी की बेहद आवश्यकता है। गोंडा से आए श्रीनाथ शुक्ला भी अपने प्रमाण पत्र दिखाते हुए कहते हैं कि नौकरी नहीं मिल रही है। बड़ी उम्मीद से आया हूं। अगर यहां कुछ काम बन जाए तो घर की जिम्मेदारी में पिता का हाथ बंटा सकूंगा और आगे की पढ़ाई भी कर सकूंगा। प्रियंका तिवारी अपने भाई के साथ बाराबंकी से आई हैं। उनका पंजीकरण हो गया है, अब साक्षात्कार का इंतजार कर रही हैं। प्रियंका कहती हैं कि रोजगार मिलना आसान है लेकिन नौकरी बनी रहे, इसकी कोई गारंटी नहीं, क्योंकि विज्ञापन ही अस्थाई पद को लेकर निकला है। इसी तरह सपना यादव व माया बौद्ध कहती हैं कि नौकरी चाहिए और स्थायित्व भी। अभी उम्र कम है इसलिए पैसे जो दिए जा रहे हैं, ठीक है।



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित रोजगार मेला में पहुंचे युवा • जागरण